

## श्री मनोज शर्मा
निदेशक (वाणिज्यिक)

श्री मनोज शर्मा (डीआईएन: 06822395), 56 वर्ष, कानून की डिग्री (एलएलबी) के साथ एक चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं। ये 1990 में पीएफसी में शामिल हुए और पीएफसी के निदेशक (वाणिज्यिक) के रूप में कार्यभार संभालने से पहले वाणिज्यिक प्रभाग के कार्यपालक निदेशक (प्रभारी) के रूप में काम कर रहे थे। इन्हें विद्युत क्षेत्र में 30 से अधिक वर्षों का अनुभव है। पीएफसी में, इन्होंने संस्थागत मूल्यांकन और विकास, इकाई मूल्यांकन, कानूनी और दस्तावेज़ीकरण, कराधान, बजट, लेखापरीक्षा, वित्तीय विवरण और लेखापरीक्षा रिपोर्ट की तैयारी, वित्तीय विश्लेषण, संसाधन जुटाना, ऋण सिंडिकेशन और बिजली क्षेत्र में वित्तीय/वाणिज्यिक पहलुओं पर परामर्श कार्य सहित कई क्षेत्रों और डोमेन को संभाला है।

पिछले तीन दशकों के दौरान, ये पीएफसी की ऋण परिसंपत्तियों के संपूर्ण क्षेत्र से जुड़े रहे हैं, जिसमें ऋण नीतियों का निर्माण, वित्तीय विश्लेषण के लिए संरचित प्रारूप के साथ मूल्यांकन का मार्गदर्शन करने के लिए नीतिगत ढांचा तैयार करना, लागू नियामक और वैधानिक ढांचे का अनुपालन, शर्तों की निगरानी, संवितरण की सुविधा, दबावग्रस्त खातों के लिए समाधान तंत्र आदि शामिल हैं।

ये पीएफसी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड और झारखंड इंफ्रापावर लिमिटेड के अध्यक्ष भी हैं।